





## एक नजर में

### प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**शुजालपुर, 17 मार्च.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत ब्लॉक शुजालपुर के जामनेर सेक्टर में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच राजेश मेवाड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया. प्रशिक्षण का आयोजन रायपुर लकी सामाजिक शैक्षणिक विकास समिति संस्था द्वारा किया गया. प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने परिषद के उद्देश्यों व कार्यों की जानकारी देते हुए समिति पदाधिकारियों व सदस्यों को ग्राम विकास, सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण तथा समितियों के प्रभावी संचालन के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि प्रस्फुटन समितियां गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इनके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है. कार्यक्रम में अरुणा परमार ने महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा समाज सेवा से जुड़े कार्यों पर प्रकाश डाला. वहीं गैरखेड़ी समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद ने नर्सरी विकास के बारे में जानकारी दी. इस दौरान हरिनारायण ने जैविक खेती के महत्व पर चर्चा करते हुए वर्मी कम्पोस्ट, गोमूत्र व घास-पत्ती से जैविक दवा बनाने तथा नरवाई नहीं जलाने की सलाह दी. उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से खेत की उर्वरक क्षमता कम होती है. प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण .पत्र भी वितरित किए गए. कार्यक्रम का संचालन रीना सिंह व आभार जनक सिंह राठौड़ ने माना. इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, रामकिशन, सुरेंद्र सिंह, अरविंद मेवाड़ा, रोजगार सहायक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### गायत्री मंत्र के वैज्ञानिक पहलुओं पर दिया गया जोर



**शुजालपुर, 17 मार्च.** उड़ान शैक्षणिक व सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित मासिक कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ से आई ममता परमार एवं ममता राठौर का आत्मीय स्वागत किया गया. इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं ने गायत्री मंत्र के वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए उसके आध्यात्मिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही बच्चों को उत्तम संस्कार देने के महत्व पर जोर देते हुए पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम में शक्तिपीठ से प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों की जानकारी भी साझा की गई, जिससे उपस्थितजन लाभान्वित हुए. आयोजन में कृष्णा शास्त्री, वंदना चौहान, लाज खत्री, माधवी सणस, भारती राजपूत, अंजु खत्री, रश्मि अवस्थी, प्रीति चौहान, चंदा सक्सेना, अभिलाषा श्रीवास्तव, अलका देशमुख, शीतल विजयवर्गीय एवं मधु मंडलोई सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं. अंत में श्रुति शास्त्री द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

### गुम हुआ बालक पुलिस ने सुरक्षित परिजनों को सौंपा



**शुजालपुर, 17 मार्च.** थाना शुजालपुर सिटी क्षेत्र में मंगलवार को एक बालक के गुम होने की सूचना से हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार मयंक मालवीय पिता अनिल मालवीय निवासी जय हिंद टॉकीज के पीछे शुजालपुर सिटी आज सुबह करीब 11 बजे अचानक कहीं चला गया था. सूचना मिलते ही शुजालपुर सिटी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बालक की तलाश शुरू की. पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक को सुरक्षित तलाश कर थाने लाया. बाद में बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया. अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया.

## गरीबों के खाद्यान्न पर डाका - भाग 1

# गरीबों के लिए आए सरकारी गेहूं-चावल को मैनेजर ने बेच दिया!

### कर्मचारी ने लगाए वेयर हाउस प्रबंधक पर गंभीर आरोप

**शाजापुर, 17 मार्च. सरकार गरीबों के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था करती है, लेकिन अधिकारी गरीबों के खाद्यान्न में भी भ्रष्टाचार की सेंध लगा देते हैं. ऐसा ही मामला उजागर हुआ है, जिसमें शाजापुर वेयर हाउस के मैनेजर द्वारा बीते सालों में सैकड़ों क्विंटल गेहूं, चावल, चने व्यापारियों को बेच दिए गए. उसकी जगह उन्होंने खाद्यान्न को खराब बताकर खानापूर्ति कर दी. यह आरोप उनके ही वेयर हाउस के कर्मचारी ने लगाए हैं. उक्त कर्मचारी ने नवभारत को लगभग 40 ऑडियो क्लिप दिए हैं, जिसमें वेयर हाउस मैनेजर सुमित शर्मा और कर्मचारी के बीच लेन-देन की स्पष्ट बातचीत की जा रही है.**

गौरतलब है कि शाजापुर वेयर हाउस मैनेजर सुमित शर्मा और कर्मचारी विजेंद्र के बीच सरकारी खाद्यान्न को बेचने की कई ऑडियो नवभारत को मिले हैं, जिसमें खुलेआम दोनों के बीच खाद्यान्न को बेचकर पैसे लेने की बात की जा रही है. एक ऑडियो में पूछा जा रहा है कि गोडाउन पर कौन-कौन हैं, जिसमें कर्मचारी ने मैनेजर सुमित शर्मा को बताया कि 250 बोरी भरा गई है. यहां तो कोई नहीं है, खाली पन्नालाल है, मोहनजी, सोनू और भरत, ये सब अपने आदमी हैं. इनको समझा देना इनको मैनेज कर लेना. दूसरे ऑडियो में किसी नरेंद्र जैन का जिक्र है, जो गोडाउन बंद कर रहा है. एक ऑडियो में 550 बोरी निकाल दी गई है, इसकी बात है, जिसका कांटा कराया जा रहा है. जिसमें कर्मचारी और मैनेजर सुमित शर्मा एक-दूसरे से बात कर रहे हैं कि तुम्हारा काम हो जाएगा, कांटा करा दो. मैं नरेंद्र भैया के पास ही बैठा हूं. गाड़ी या तो रविवार को लगाओ या आज लगा लो, बीच में नहीं कर पाएंगे. एक ऑडियो में मेहता जी को संभालने की बात की जा रही है. ऐसे और भी कई ऑडियो हैं, जिसमें खुलेआम सरकारी गेहूं को इधर से उधर किया जा रहा है. जिसमें लाखों रुपए का गेहूं व्यापारी को बेच दिया गया है.

#### कर्मचारी को किया नौकरी से बाहर...

जिस कर्मचारी और मैनेजर सुमित शर्मा के बीच ऑडियो में बातचीत की जा रही है. उसके बाद कर्मचारी को नौकरी से बाहर कर दिया गया है. उक्त कर्मचारी आउटसोर्स कर्मचारी था. इस मामले में सबसे रोचक बात यह है कि इसमें पैसे का बंटवारा खाद्य विभाग के अधिकारी और वेयर हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच भी हुआ है. ऐसा आरोप उक्त कर्मचारी द्वारा लगाया गया है. अब देखना है कि इस मामले में बारीकी से जांच होती है या ये मामला भी दब जाएगा.

#### लोकायुक्त में होगी ऑडियो सहित शिकायत...

इस मामले में नवभारत को जो ऑडियो मिले हैं, उसके अनुसार उज्जैन लोकायुक्त को भी जल्द ही समस्त ऑडियो और जिन-जिन व्यापारियों को गरीबों को खाद्यान्न बेचा गया है और संबंधित तोल कांटे की पर्चियों सहित लोकायुक्त में शिकायत की जा रही है. अब मामला लोकायुक्त तक पहुंचने के बाद कार्यवाही होगी या फिर मामला दब जाएगा.

#### इनका कहना है

*मामले की पहले भी जांच हो चुकी है. और भी जांच कराने के लिए मैं तैयार हूं. किसी प्रकार का कोई खाद्यान्न नहीं बेचा गया है. झूठा आरोप लगाकर झूठी शिकायत की जा रही है.*

***- सुमित शर्मा, वेयर हाउस मैनेजर***

*मैनेजर सुमित शर्मा द्वारा अभी तक सैकड़ों बोरे गेहूं, चावल और चने के बेच दिए गए हैं, जिसके पूरे प्रमाण है कि ये किस-किस व्यापारी को दिए गए हैं. और कब-कब ट्रक भरकर निकला है. इसकी पूरी ऑडियो सीडी लोकायुक्त को दी जाएगी.*

***- विजेंद्र, बर्खास्त कर्मचारी***

### महेश प्रजापति बने जिलाध्यक्ष



**शाजापुर, 17 मार्च.** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ द्वारा संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया. जिसमें सर्वसम्मति से शाजापुर जिला अध्यक्ष के रूपए में महेश प्रजापति की नियुक्ति की गई. कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मनोज प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष मुन्नालाल प्रजापति, प्रदेश के मुख्य महासचिव कैलाश प्रजापत पार्षद तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री रमेश मुन्नालाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे. सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति से महेश प्रजापति को अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ का शाजापुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया. नियुक्ति के बाद पदाधिकारियों ने महेश प्रजापति को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने और समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई.

# राजनीति और खेती में जो बोएगा, वो काटेगा...

**बात शाजापुर की**

मनोज पुरोहित

राजनीति खेती के समान है. जो किसान खेत में बीज बोएगा, फसल उसी की कटेगी. राजनीति में भी जो नेता राजनीति के खेत में जो बोएगा, उसे वो ही काटना होगा. खरपतवार खेती के लिए भी हानिकारक है और राजनीति में भी खरपतवार याने गुटबाजी नुकसानदायक है. खेती में किसान को प्राकृतिक आपदा का भी सामना करना पड़ता है, तो राजनीति में नेताओं को नाराज कार्यकर्ता, चुनाव में बने फूफा, रायता ढोलू विशेषज्ञ, रायचंद, ज्ञानचंद, धनचंद, फकीरचंद, वोटचंद जैसे लोगों से भी सामना करना पड़ता है. खेत में यदि बीज अच्छा पड़ेगा, तो फसल अच्छी होगी. यही हाल राजनीति का है. यदि राजनीति में नेता स्वच्छ होंगे, तो राजनीति सही परिणाम देगी. यदि कोई खेत में बबूल बोएगा, तो उसे कांटे मिलना तय है. शाजापुर जिले की राजनीति में चाहे भाजपा हो या कांग्रेस हो. यहां फूल कम, बबूल ज्यादा देखने को मिलते हैं. इसलिए हर चुनाव में नेताओं को कांटों का सामना करना पड़ता है. जो नेता चुनाव में दूसरे के लिए गड्ढा खोदता है, उसे अपने चुनाव में भी खाई तोहफे में मिलती है. जो नेता दूसरे के लिए राजनीति कब्र तैयार करता है, उसके लिए भी राजनीतिक मृत्यु की शैया तैयार मिलती है. जिस प्रकार एक ही खेत में कई फसलें ली जाती हैं, उसी प्रकार राजनीति के खेत में भी हर प्रकार के नेता अपनी-अपनी फसल तैयार करते हैं, लेकिन फसलों को खरपतवार खराब कर देती है, तो राजनीति में गुटबाजी की खरपतवार अपने दल को दीमक की तरह चाट जाती है. फसलों की खरपतवार के लिए तो कीटनाशक है, लेकिन राजनीति के खरपतवार के लिए अभी तक कोई कीटनाशक नहीं है. राजनीति में जो जितनी खरपतवार को पालता है, वो उतना बड़ा नेता ह३ोता है. शुजालपुर की खरपतवार के कारण यहां कांग्रेस की राजनीतिक फसल कभी नहीं लहलहा पाई. हर चुनाव में कांग्रेस में यहां खरपतवार उगती है और अपनी ही पार्टी को चाटकर समाप्त कर देती है. हालांकि इस बार कांग्रेस में भी खरपतवार है, तो भाजपा में खरपतवार की पैदावार अभी से देखने को मिल रही है. राजनीति का खेत हो या किसान का खेत हो, जो बीज बोएगा, उसी की फसल काटेगा. जो नेता गुटबाजी, चुनाव में हराने का बीज बोते हैं, उन्हें भी अपनी बारी आने पर वही फसल काटना होती है.

**पता ही नहीं चलता, कौन कब किसके साथ...?**

राजनीति ही एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पता लगाना मुश्किल है कि कौन कब किसकी करवट बैठ जाए. जो कल तक एक-दूसरे के लिए बकरे-कसाई जैसे थे, वे इन दिनों एक ही घाट पर पानी पी रहे हैं. जो कल तक एक-दूसरे को कोसते थे, अब वे साथ जीने-मरने की कसम खा रहे हैं. यह कहना मुश्किल है कि राजनीति में कौन किसके साथ कब तक कितने समय तक साथ चलेगा. हो सकता है कि जो आज साथ हैं, वो कल दूर नजर आएं, जो आज दूर हैं, वो कल साथ नजर आएं. राजनीति के अजीब रिश्तों को आज तक कोई नहीं समझ सका.

**शराब अधिकारी फिर अपने गल्ले पर**

विवादों से नजदीक का रिश्ता रखने वाले जिले के शराब अधिकारी फिर काले कोट की मेहरबानी से अपने गल्ले पर विराजित हो गए हैं. महिला मित्रों के कारण हमेशा सुर्खियों में रहते हैं. अब देखना है कि इस बार वे गल्ले पर लंबे समय तक टिकते हैं या फिर उनका इंदौर प्रेम बरकरार रहता है. इंदौर प्रेम के कारण ही उनकी नौकरी पर संकट आया था. अब देखना है कि वे इंदौर प्रेम छोड़ पाते हैं या नहीं.

**अंत में...**

ये सच है कि रंग बदलता था वो हर इक लम्हा, मगर वही तो बहुत कामयाब चेहरा निकला.

# एनएसएस के राज्य स्तरीय नेतृत्व शिविर से लौटे शाजापुर के चार स्वयंसेवक



**शाजापुर, 17 मार्च. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चार स्वयंसेवकों ने चित्रकूट जिला सतना में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. 8 मार्च से 14 मार्च तक दीनदयाल शोध संस्थान उद्यमिता परिसर में आयोजित इस विशेष शिविर से प्रशिक्षण प्राप्त कर गोविंद गोस्वामी, सूरज राय, मोना सौराष्ट्रीय और चंचल पाटीदार शाजापुर लौट आए हैं.**

शिविर के दौरान इन स्वयंसेवकों ने नेतृत्व क्षमता, नुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न आयामों को बारीकी से सीखा. बौद्धिक सत्रों में जहां इन्होंने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने और सामुदायिक विकास के गुर सीखे. वहीं शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं को अनुशासित किया. विशेष उपलब्धि के रूप में चंचल पाटीदार ने समूह लोक गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अपने दल के साथ प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया. स्वयंसेवकों के वापस लौटने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एसके तिवारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रकाश बर्फा ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया. एनएसएस यूनिट एंबेसडर रवि कुमार ने बताया कि कि इस प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मविश्वास और समाज सेवा की भावना का संचार किया है. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर डॉ.वीपी मीणा, डॉ.मीनू गिड़वाणी, डॉ.दिनेश निगवाल, डॉ बीके सोलंकी, डा.बीएल मालवीय, डॉ.डीआर राठौर, डॉ.श्वेता चौहान सहित सीनियर हर्षिता पाटीदार,एनएसएस एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद, कौशल्या, एसयूओ शिवम परिहार, आशीष परमार, रवि मालवीय एवं पूरे महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# मां प्रभावेश्वरी मंदिर में चोरी का पर्दाफाश

### गुना का आरोपी गिरफ्तार, दान पेटी से चुराई थी नकदी



बेरछा पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**शाजापुर, 17 मार्च. मां प्रभावेश्वरी देवी मंदिर बेरछा में हाल ही में हुई चोरी की घटना का बेरछा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है. पुलिस ने इस मामले में गुना जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई नकदी बरामद कर ली है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 को फरियादी महावीर जैन ने थाना बेरछा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अलसुबह करीब 4.15 से 4.40 बजे के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने मां प्रभावेश्वरी मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़ दिया है. बदमाश पेटी में रखे करीब 25000 से 30000 रुपए नकद चुराकर ले गया. शिकायत के आधार पर बेरछा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी. धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ. नागेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में बेरछा थाना प्रभारी भरतसिंह किरार ने एक विशेष टीम का गठन किया. गठित टीम ने लगातार पतारसी और सुरागों के आधार पर आरोपी परमाल सिंह 41 वर्ष पिता बुंदेल सिंह यादव को धर दबोचा. आरोपी मूल रूप से ग्राम गेलोन, थाना आरोन, जिला गुना का निवासी है. पुलिस ने सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से मंदिर की दान पेटी से चुराए गए कुल 21600 रुपए नकद बरामद किए हैं.

# एचपीवी वैक्सीन को लेकर विधिक जागरूकता शिविर

### महिलाओं को दी कानूनी व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



आंगनवाडी केन्द्र पर उपस्थित हुई महिलाएं

**शुजालपुर, 17 मार्च. तहसील स्तर शुजालपुर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन फ्रीगंज क्षेत्र स्थित आंगनवाड़ी वार्ड क्रमांक 23 में किया गया. कार्यक्रम में जिला जज सपना पोर्ते मुख्य रूप से उपस्थित रहीं. उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, गुड टच बैड टच, बाल विवाह तथा वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए आवश्यक कानूनी सलाह दी.**

जिला जज पोर्ते ने महिलाओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को भी यह वैक्सीन लगवाया है, जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. कार्यक्रम में उमंग काउंसलर अरुणा परमार ने कहा कि लोगों को भ्रांतियों में नहीं आना चाहिए और समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाना चाहिए, क्योंकि यह सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सुरक्षा कवच का कार्य करती है. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा ने अभिभावकों से अपील की कि वे 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीन लगवाएं. वहीं एएनएम सरस्वती एवं राघौगंज स्कूल स्टाफ ने भी टीकाकरण से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया. महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ममता परमार एवं मनीषा दवे ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बेटियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समय पर टीकाकरण कराएं. कार्यक्रम में बताया गया कि सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर मंडी में यह वैक्सीन उपलब्ध है. कार्यक्रम के अंत में सहायिका बसंती ठाकुर ने आभार व्यक्त किया.

### कुलदेवी मां हिंगला जयंती पर भावसार समाज में निकला चल समारोह



**सोयतकलां, 17 मार्च.** मंगलवार को भावसार समाज द्वारा कुलदेवी मां हिंगलाज की जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई. दोपहर 2 बजे समाज के श्री राम मंदिर से बैंड बाजों के साथ रथ में विराजमान कर मां हिंगलाज का चल समारोह आरंभ हुआ. चल समारोह नगर के प्रमुख मार्ग छत्री चौक भावसार मोहल्ला माधव चौक बस स्टैंड होते हुए पिड़ावा रोड स्थित रमिया पैलेस पहुंचा. चल समारोह में समाज के बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल थे. चल समारोह में भक्ति भाव भजनों पर महिलाएं पुरुष नाचते गाते चल रहे थे. चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया. कार्यक्रम स्थल पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से मां हिंगलाज की पूजा अर्चना कर महाप्रसादी वितरण की गई. इस अवसर पर समाज अध्यक्ष रामगोपाल भावसार, रामप्रसाद भावसार, सुनील भावसार, कैलाश भावसार, घनश्याम भावसार, बसंत भावसार, अरविंद भावसार, संतोष भावसार, वहीं महिला मंडल की योगिता भावसार, विमल भावसार, मंगला भावसार, रानी भावसार, ज्योति भावसार, सरिता भावसार, लता भावसार, कुसुम भावसार, पवित्रा भावसार, गायत्री भावसार आदि महिलाएं उपस्थित रही.

## एक नजर में

### क्षेत्र में पहली बार हुई इस तरह की घटना

# जंगली सूअर के काटने से घायल दो लोगों को रेफर किया

**शुजालपुर, 17 मार्च. क्षेत्र के ग्राम खेडा बोल्दा में एक दिवस पूर्व हिंसक हुए जंगली सूअर ने तीन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था, उक्त घटना दो अलग-अलग स्थानों पर हुई. जंगली सूअर के काटने से घायल हुए दो ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया, जबकि एक व्यक्ति का उपचार सिविल अस्पताल में जारी है.**



हमले से घायल हुआ ग्रामीण

मिली जानकारी अनुसार सोमवार को खेडा बोल्दा निवासी पर्वतसिंह अपने मवेशी लेकर जा रहे थे तभी जंगली सूअर ने हमला कर दिया, साथ ही मवेशी को भी घायल किया. ग्रामीण पर्वतसिंह की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर आए तो जंगली सूअर भाग गया, इस हमले में पर्वतसिंह को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई. इसी गांव के जंगल में सोमवार की शाम को गेहूं फसल की कटाई कर रहे भोलाराम गुर्जर पर भी जंगली सूअर ने हमला किया, जिन्हे बचाने आए पुत्र रामबाबू को भी सूअर ने घायल कर दिया, तीनों को सिविल अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था जहां से दो लोगों को शाजापुर रेफर किया गया.

#### मुआवजे का है प्रावधान...

ग्राम खेडा बोल्दा वन विस्तार अधिकारी कार्यालय शुजालपुर के अन्तर्गत आता है, रेंजर रतनसिंह सिंगोड ने बताया कि जंगली सूअर द्वारा ग्रामीणों पर हमले जैसी स्थिति पहले कभी निर्मित नहीं हुई है, क्षेत्र में इस तरह का पहला मामला है. जंगली सूअर का रेस्क्यू करने के संसाधन शुजालपुर में उपलब्ध नहीं है इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है. जंगली सूअर से घायल हुए ग्रामीणों का उपचार जारी है, वन्य जीव के हमले से घायल होने पर वन विभाग के नियमानुसार मुआवजे का प्रावधान है. जो घायल हुए है उन्हे नियमानुसार राशि प्रदाय करवाने में सहयोग किया जाएगा. साथ ही जंगली सूअर के संबंध में जानकारी भी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है.

### पारछे वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**शाजापुर, 17 मार्च.** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत में संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव चौधरी सुरेंद्र कुमार लोहट की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव राहुल निंधाने ने शाजापुर निवासी नवीन पारछे को मध्यप्रदेश में महापंचायत का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है.